जनसत्ता

कोलकाता, 21 नवंबर, 2013

बेल व्यू में घुटने का प्रत्यारोपण

कोलकाता, 20 नवंबर (जनसत्ता)। महानगर कोलकाता के अग्रणी अस्पतालों में से एक बेल व्यू क्लीनिक ने बुधवार की दोपहर एक मरीज के घुटने का प्रत्यारोपण लाइव किया गया। कंप्यूटर की सहायता से हुए इस नी एंथ्रोप्लास्टी का नेतृत्व बेल व्यू के घुटना प्रत्यारोपण विभाग के प्रमुख डॉ. संतोष कुमार ने किया। इस मौके पर बेल व्यू क्लीनिक के सीईओ पी टंडन व अन्य सीनियर सर्जन उपस्थित थे। डॉ. टंडन ने बताया कि यह नी एंथ्रोप्लास्टी मीनिमली इन्वेसिव है। उन्होंने बताया कि घुटना प्रत्यारोपण के तुरंत बाद मरीज चलने-फिरने लगता है। लाइव सर्जरी करने वाले डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि बेल व्यू क्लीनिक पूर्वी भारत का पहला ऐसा अस्पताल है, जहां कंप्यूटर की सहायता से मरीज का पूर्णतया घुटना प्रत्यारोपण किया गया है।